दिनांक 20 फरवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क घेरकर बना लिया था शौचालय, निगम ने की कार्रवाई, शौचालय तोड़कर कराया रास्ता साफ

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कुरूद बस्ती में अशोक नामक व्यक्ति के द्वारा सड़क को घेरकर शौचालय का निर्माण कर लिया गया था। इसकी शिकायत निगम को प्राप्त हुई थी। इस मामले में निगम के अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण भी किया था। शिकायत सही पाए जाने पर शौचालय को सड़क से हटाने के लिए नोटिस भी जारी हुआ था। एक नोटिस देने के बाद भी शौचालय नहीं हटाने पर दूसरा नोटिस जारी किया गया। 2 नोटिस मिलने के बावजूद शौचालय नहीं हटाया गया और न हीं निर्माण कर्ता ने नोटिस का कोई जवाब दिया। इस पर निगम प्रशासन, वैशाली नगर जोन क्रमांक 2 के राजस्व विभाग की टीम आज जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची और सड़क बाधा कर बनाए गए शौचालय को तोड़ने की कार्रवाई की। शौचालय सड़क पर बने होने के कारण राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था , जिसको देखते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अवैध अतिक्रमण , अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग को लेकर निगमायुक्त रोहित व्यास ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसके परिपालन में कार्रवाई की जा रही है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी व जोन आयुक्त येशा लहरे के निर्देश पर आज की गई कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी तथा लक्ष्मी नारायण वर्मा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।